दैनिक भास्कर रांची 28-08-2021

रांची, शनिवार, 28 अगस्त, 2021 | 04

City भास्कर

XISS कन्वोकेशन 2019-2021 बैच



# 298 छात्रों को मिला डिप्लोमा, 11 गोल्ड, 9 सिल्वर व 6 ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित

## एक्सआईएसएस का 60वां दीक्षांत समारोह मना

## सत्र 2019-2021 के स्टूडेंट्स के बीच 9.5 लाख रुपए की छात्रवृत्ति भी बांटी गई



### हम और क्या पा सकते हैं, यह प्रश्न ही सफलता की दिशा दिखाएगा : डॉ. जोसेफ

**वार्षिक पत्रिका जारी:**

**इन्हें मिला मेडल**

### रश्मिल मानव संसाधन प्रबंधन में मिला गोल्ड



### कौशिक घोष, वित्त प्रबंधन में मिला गोल्ड



### गंगोत्री कुमारी, आईटी विभाग में मिला गोल्ड



### अंकिता चौधरी, ग्रामीण प्रबंधन में गोल्ड



### बहजत इजहार, विपणन प्रबंधन में गोल्ड



## एक्सआईएसएस दीक्षांत समारोह

# 2019-21 बैच के कुल 298 स्नातकों को मिलेगा सर्टिफिकेट 11 को गोल्ड, 9 को सिल्वर मेडल

सिटी रिपोर्टर . रांची

जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) रांची का 60वां दीक्षांत समारोह 27 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। कोविड-19 महामारी के कारण इस साल भी दीक्षांत समारोह का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि प्लांट हेड, टाटा मोटर्स, जमशेदपुर विशाल बादशाह होंगे, जो 2019-2021 बैच के 298 स्नातक हो रहे विद्यार्थियों से रूबरू होंगे। एक्सआईएसएस के फा. माईकल वेन डेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल ऑडिटोरियम में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस ऑनलाइन वर्चुअल दीक्षांत समारोह में देश के सभी कोनों से स्नातक हो रहे छात्र, उनके माता-पिता एवं प्रतिष्ठित पूर्व छात्र संघ सदस्य एवं अन्य भी जुड़ेंगे। समारोह में कुल 298 विद्यार्थियों को डिप्लोमा दिया जाएगा। इनमें से 11 को रैंक होल्डर को स्वर्ण, 9 को रजत और 6 को कांस्य मेडल और सर्टिफिकेट और 32 विद्यार्थियों को संस्थान द्वारा स्कॉलरशिप और नकद राशि दिए जाएंगे। संस्थान ने विद्यार्थियों की शारीरिक अनुपस्थिति की कमी को पूरा करने के लिए विशेष तैयारी की है। जिसमें सभी स्नातक विद्यार्थियों के चित्रों को पारंपरिक पोशाक यानि दीक्षांत समारोह के गाउन में समारोह के दौरान दिखाया जाएगा।

**PRESS : DAINIK BHASKAR**

जागरण कोरोना Play

राज्य चुनें ताजा राष्ट्रीय स्पेशल जागरण प्ले



NEXT

# एक्सआईएसएस के 60वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में 298 छात्रों को मिला डिप्लोमा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) रांची ने बैच 2019-21 के स्नातक छात्रों को सम्मानित करने के लिए 60वें दीक्षांत समारोह का आयोजन फा. माईकल वेन डेन बोगार्ट एस.जे. मेमोरियल ऑडिटोरियम में शुक्रवार को किया। मुख्य अतिथि विशाल बादशाह, प्लांट हेड, टाटा मोटर्स, जमशेदपुर ने अपने दीक्षांत भाषण में, एक्सआईएसएस की कई उपलब्धियों के लिए सराहना की। उन्होंने कहा, सर्व प्रथम मैं सभी स्नातक हो रहे विद्यार्थियों को मुबारकबाद देना चाहता हूँ। ये मेरे लिए गौरव का विषय है कि मुझे आज इस जेवियर समाज सेवा संस्थान के 60वे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया। कोई भी विद्यार्थी अपने जीवन मे बिना मेहनत किये सफल नहीं हो सकता। ये सिर्फ विद्यार्थियों के लिए ही नहीं उनके माता पिता और दोस्तों के लिए भी एक बेहद खुशी का पल है। आप लोग इस संस्थान की निगरानी से बाहर जा रहे है और यकीनन बाहरी दुनिया का सामना पूरे आत्मविश्वास से करेंगे और अपने इस संस्थान के लिए कई पुरष्कार और उपलब्धियां लेकर आयगे आप जहां भी रहे आपको जीवन मे सफल होने के लिए अनुशासन बनाए। रखना होगो अगर आज आप सफल है तो वो इसिलए की इस संस्थान ने आप लोगों में अनुशासन का बीज बोया है। समाज में बदलाव के मशाल वाहक बनिए और जो भी इस समाज और देश में रह रहा है उसके लिए इस समाज, देश, और दुनिया को एक बेहतर जगह बनाइये आप तभी इस संस्थान का सन्देश सारी दुनिया तक पहुंचा सकेंगे,ह्व ये बातें उन्होंने दीक्षांत समारोह के दौरान कही। कोविड-19 महामारी के बीच इस साल के दीक्षांत समारोह का आयोजन हाइब्रिड मॉडल पर किया गया, जिसमें कुछ छात्र संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किए गए तो देश के अन्य



शहरों में बैठे अन्य छात्र वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम का हिस्सा बने और अपना डिप्लोमा प्राप्त किया। पूरे कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एक्सआईएसएस के यूट्यूब चैनल पर भी किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री विशाल बादशाह, प्लांट हेड, टाटा मोटर्स, जमशेदपुर थे, जिन्होंने 2019-2021 बैच के 298 विद्यार्थियों को डिप्लोमा, मेडल एवं छात्रवृत्ति से सम्मानित किया। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि, निदेशक, सहायक निदेशक और कार्यक्रम प्रमुखों (एचओपी) के नेतृत्व में दीक्षांत समारोह परेड के साथ हुई, जिसके बाद दीप जलाने के साथ प्रार्थना गीत गाकर कार्यक्रम आगे बढ़ाया गया। एक्सआईएसएस शासी निकाय के अध्यक्ष, फा. अजित खेस एसजे ने दीक्षांत समारोह के उद्घाटन की घोषणा की। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि के प्रति इस अवसर की शोभा बढ़ाने के लिए संस्थान की ओर से आभार व्यक्त किया। हम यहां हमारे विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उत्सव मनाने के लिए इकट्ठा हुए है और हम उनको उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देतें है हमारे प्रतिष्ठित एलुमनाई इस संस्थान का चेहरा है, वो हमारे संस्थान और उसकी सभी मूल आधार मानकों का प्रतिनिधित्व पूरे विश्व मे करते है। हमारे छात्र खुद एक बदलाव बनकर समाज मे बदलाव ला रहे हैं। जेवियर समाज सेवा संस्थान ने भारत में एक उत्कृष्ट प्रबंधन संस्थान के रूप में मुकाम बनाया है। हम ऐसे समग्र लीडर्स बनाते है जो समाज के प्रति सहानभूति, संवेदना और दृढ़ संकल्प और पिछड़े वर्गों की बेहतरी लिए काम करते है। मैं अपने स्नातक हो रहे विद्यार्थियों को कहना चाहता हूं कि वो खुद को जिस भी संस्था से जोड़े वहां अपने अंदर के मूल मानकों को सहेज के रखे और खुद को एक बेहतरीन इंसान बनाए। डॉ. जोसेफ मरियानुस कुजूर एसजे, निदेशक, एक्सआईएसएस रांची ने शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के लिए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए इस अवधि के दौरान संस्थान की उपलब्धियों पर बड़े गर्व के साथ प्रकाश डाला। डॉ. प्रदीप केरकेट्टा एस.जे., सहायक निदेशक, एक्सआईएसएस ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस कार्यक्रम में फा. जेवियर सोरेंग एस.जे., सुपीरियर, एक्सआईएसएस, फा. फ्रांसिस डेविड कुल्लू एस.जे., वित्त अधिकारी, एक्सआईएसएस के साथ डॉ. रमाकांत अग्रवाल, प्रमुख पीजीडीएम (मानव संसाधन प्रबंधन); डॉ. हिमाद्री सिन्हा, प्रमुख, पीजीडीएम (ग्रामीण प्रबंधन); डॉ. महुआ बनर्जी, प्रमुख, पीजीडीएम (आईटी); डॉ. अरूप मुखर्जी, प्रमुख, पीजीडीएम (वित्त प्रबंधन) और डॉ. पिनाकी घोष, प्रमुख, पीजीडीएम (विपणन प्रबंधन) एवं अन्य प्रोफेसरगण भी उपस्थित थे।

## 298 STUDENTS BAG DIPLOMA AT XISS'S 60TH ANNUAL CONVOCATION

# BE THE TORCH BEARERS OF THE TRANSFORMATION OF SOCIETY: CHIEF GUEST

MI NEWS SERVICE



**RANCHI:** Xavier Institute of Social Service (XISS) Ranchi held its 60th Annual Convocation to honor its graduating students of batch 2019-21 in the Fr. Michael Van den Bogaert, SJ Memorial Auditorium in the XISS campus on Friday.

Mr. Vishal Badshah, Plant Head, Tata Motors Jamshedpur was the Chief Guest of the ceremony where he distributed medals, scholarships and diplomas to several students while also virtually addressed the graduating students. The entire event was broadcasted live on XISS's YouTube account.

The ceremony began with the convocation parade led by the Chief Guest, Director, Assistant Director, and Head of Programmes (HoPs) post which the igniting of the ceremonial lamp marked the official beginning of the occasion. It was followed by a Prayer song.

Fr. Ajit Kumar Xess, SJ, Chairman, GB-XISS formally announced the convocation ceremony open. In his welcome address, he extended the institute's warm gratitude to the chief guest for gracing the occasion with his esteemed presence. "We are gathered here to acknowledge the achievements of our students and wish them the best for the future. Our prestigious alumni are the face of this institution, they represent what the institute stands for in various spheres of the world. We create our leaders on the pillars of holistic education, they embody the principles of compassion, competence, and commitment towards the development of the marginalized. I charge our graduating students to carry forward the XISS legacy by making their marks in the organizations they will now be associated with and nurture themselves as good human beings." Dr. Joseph MarianusKujur SJ, Director XISS presented the annual report for the academic year 2020-21 highlighting the Institute's achievements during this period and said: "We have indeed come a long way since our humble beginning. This journey, though with its ups and downs, was always focused on the pillars of Jesuit values and holistic education. Today, as we honor another batch of managers and conscious citizens devoted to the service of the country and society, we take high pride in having created these Professionals with a Difference. We must work upon reinforcing the principle of Magisi.e. more and more with an even higher focus than before. The question of 'what more can we do' will enrich our efforts towards greater success and will curb stagnation, promote openness, as well as enable us to look beyond ourselves."

"It is my great pleasure to congratulate the batch of 2019-20 on their graduation. We commend the gold, silver and bronze medalists, as well as the winners of crash prizes and institutional scholarships on their dedication towards their education and this institute in the past two years. The future of the world depends on our young professionals, and I am highly confident that our graduating batch will mold the future of this country into a brighter one," he concluded in the beginning of the ceremony The Chief Guest, in his Convocation address, commended XISS on its numerous accomplishments throughout the years.

# एक्सआईएसएस के दीक्षांत समारोह में 298 विद्यार्थियों को मिला डिप्लोमा





रांची। जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) रांची ने बैच 2019-21 के स्नातक विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए 60वें दीक्षांत समारोह का आयोजन फादर माईकल वेन डेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल ऑडिटोरियम में शुक्रवार को किया। कोविड-19 महामारी के बीच इस साल के दीक्षांत समारोह का आयोजन हाइब्रिड मॉडल पर किया गया, जिसमें कुछ विद्यार्थी संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किए गए तो वहीं देश के अन्य शहरों में बैठे अन्य विद्यार्थी वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम का हिस्सा बने और अपना डिप्लोमा प्राप्त किया। पूरे कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एक्सआईएसएस के यू-ट्यूब चैनल पर भी किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर स्थित टाटा मोटर्स के प्लांट हेड विशाल बादशाह शामिल हुए। उन्होंने 2019-21 बैच के 298 विद्यार्थियों को डिप्लोमा, मेडल एवं छात्रवृत्ति से सम्मानित किया। एक्सआईएसएस शासी निकाय के अध्यक्ष, फादर अजित खेस ने दीक्षांत समारोह के उद्घाटन की घोषणा की। डा. जोसेफ मरियानुस कुजूर, निदेशक, एक्सआईएसएस रांची ने शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के लिए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए इस अवधि के दौरान संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। स्नातक हो रहे विद्यार्थियों को बधाई देते हुए डा. कुजूर ने कहा, हमारी विनम्र शुरुआत के बाद से हम एक लंबा सफर तय कर चुके हैं। अनेक उतार-चढ़ाव के बावजूद यह यात्रा हमेशा जेसुइट मूल्यों और समग्र शिक्षा के स्तंभों पर केंद्रित थी। आज हम देश और समाज की सेवा के लिए समर्पित प्रबंधक. ों और जागरूक नागरिकों के एक और बैच का सम्मान करते हैं, हमें इन पर बहुत गर्व है। मुख्य अतिथि श्री बादशाह ने इस अवसर पर अपने संबोधन के दौरान एक्सआईएसएस की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने श्री बादशाह ने एक्सआईएसएस की वार्षिक पत्रिका एक्सिस-2021 के साथ अन्य प्रकाशनों को जारी किया। तत्पश्चात उन्होंने मानव संसाधन प्रबंधन, ग्रामीण प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, विपणन प्रबंधन और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों से 11 स्वर्ण पदक, 9 रजत और 6 कांस्य पदक और 2 नकद विजेताओं को सम्मानित किया। फादर अजित खेस ने नवगठित तीन संस्थागत छात्रवृत्तियों की घोषणा की। इसमें फादर माइकल वैन डेन बोगर्ट एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप एससी/एसटी वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों के लिए फादर माइकल अल्बर्ट विंडी एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप सभी श्रेणी के मेधावी विद्यार्थियों के लिए और फादर लुइस प्रॅकेन एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप सभी श्रेणियों के विद्यार्थियों के समग्र प्रदर्शन के लिए, जो 30 विद्यार्थियों को प्रदान किया जा रहा है। इसके बाद संबंधित कार्यक्रमों के प्रमुख (एचओपी) ने 298 विद्यार्थियों के नामों की घोषणा की, जिन्हें बैच 2019-21 के डिप्लोमा से सम्मानित किया गया। फादर माईकल वेन डेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल अवार्ड हर वर्ष संस्थान के एक सफल पूर्व विद्यार्थी को दिया जाने वाला सम्मान है। जो इस वर्ष अमित बनर्जी, संस्थापक निदेशक, संपर्क को दिया गया जो ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम के पूर्व विद्यार्थी रहे हैं। डा. प्रदीप केरकेट्टा, सहायक निदेशक, एक्सआईएसएस ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में फादर जेवियर सोरेंग, सुपीरियर, एक्सआईएसएस, फादर फ्रांसिस डेविड कुल्लु, वित्त अधिकारी, एक्सआईएसएस के साथ डा. रमाकांत अग्रवाल, प्रमुख पीजीडीएम (मानव संसाधन प्रबंधन), डा. हिमाद्री सिन्हा, प्रमुख, पीजीडीएम (ग्रामीण प्रबंधन), डा. महुआ बनर्जी, प्रमुख, पीजीडीएम (आईटी), डा. अरूप मुखर्जी, प्रमुख, पीजीडीएम (वित्त प्रबंधन) और डा. पिनाकी घोष, प्रमुख, पीजीडीएम (विपणन प्रबंधन) एवं अन्य प्रोफेसर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डा. कुमार मोहित स्प्रिंग एवं डा. राजश्री वर्मा ने किया।




सभी छाया : राजकुमार